vk/kqfud jsy fMCck dkj[kkuk] jk;cjsyh
i=l foKfIr
22-02-2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा विर्निमित प्रथम एलडब्यूएससीजेड (LWSCZ) नॉन एसी चेयर कार को महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा व श्याम लाल वरिष्ठ तकनीशियन के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस प्रथम निर्मित चेयर कार से आरेडिका ने विकास की श्रृंखला में आज एक और नया आयाम स्थापित किया है।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना द्वारा प्रथम निर्मित (LWSCZ) नॉन एसी चेयर कार कोच में 102 लोगों के बैठने कि व्यवस्था है जिसके सीट का सौंदर्यकरण में रेक्सीन के साथ सीलकॉन फोम का सीट को तकिये जैसा आकार दिया गया है। इसके अलावे इस कोच में विभिन्न प्रकार कि नये खुबियों का समावेस किया गया है जैसे–बोगी के साथ एअर स्प्रींग, मॉड्लर टाईप चौड़ा खिड़की, (साईज –1460X650), एफआरपी मॉड्यलर शौचालय, बॉयो वेक्यूम टॉयलेट, डीप फ्रीजर, हॉट केस और बॉटल कूलर (कंपार्टमेंट एरिया), हॉट वाटर वॉयलर, कप बोर्ड, और वर्क टेबल सींक सहित, एल्यूमुनियम पाउडर से कोटींग किया अधिकतम सामान रखने के लिए रैक, 04 इमरजेंसि विण्डो, 03 शौचालय (02 इंडियन व 01 वेर्स्टन), वाटर प्यूरीफायर, अधिकतम स्वीच चार्जिंग प्वाइंट, एवं लकड़ी के शेड के साथ बेहतर पीवीसी फर्श बनाया गया है। जिससे कोच कि सुन्दरता बढ़ जाती है।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई अनूप कुमार, पीसीएमएम ए.के. पाण्डे, पीएफए दावा छेरिंग के संग सभी वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

¼vkj-ih-'kek½
eq[; tu&lEidZ vf/kdkjh